# इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था

उत्तर प्रदेश में अगले साल फरवरी में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के आयोजन के लिए 296.56 करोड़ रुपए का आवंटन अनुपूरक बजट में किया गया है। निजी क्षेत्र के औद्योगिक पार्कों में अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने के लिए 300 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर शहरों के विकास के लिए भारी भरकम 4,000 करोड़ रुपए की धनराशि की व्यवस्था की गयी है जिसे समुचित और समग्र विकास पर खर्च किया जाएगा। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स वाहन नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गयी है।